पूर्वोत्तर रेलवे
NORTH EASTERN RAILWAY

कार्यालय
महाप्रबंधक/सतर्कता
गोरखपुर - 273012
Office of GM(Vigilance)
Gorakhpur - 273012

दिनांक - 24.05.2021

जेड/13/वी3/LJN/2020/11/00772/ 63

प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त
रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे,
गोरखपुर।

विषय : पद्धति सुधार के सम्बन्ध मे

सतर्कता निवारक जांच के क्रम मे पाया गया कि रेलवे सुरक्षा बल, पोस्ट पर तैनात बल सदस्यों को जारी सुविधा पास और पी.टी.ओ. मे आश्रितो के उम्र तथा कर्मचारी द्वारा दिए गए घोषणा पत्र में कुछ बल सदस्यों द्वारा घोषणा पत्र में अपने आश्रितों की आयु पिछले वर्ष की तुलना में या तो ज्यादा लिखा है या तो कम लिखा है जिसके अनुसार सुविधा पास जारी किया गया है जो कि नियमानुसार गलत है। जांच के दौरान पास एवं पी.टी.ओ. बनाने वाले कर्मचारी से पूछे जाने पर उसके द्वारा बयान दिया गया कि न तो इन्हें पास या पी.टी.ओ. के नियम के सम्बन्ध मे पूर्ण जानकारी है और ना ही उन्हें ज्ञात है कि पास या पी.टी.ओ. को बनाते समय किन-किन बातों का मुख्य रूप से ध्यान रखना चाहिए।

अतः उक्त कार्य हेतु पोस्ट पर बल सदस्य को नामित करते समय यह सुनिश्चित किया जाय की उन्हे पास और पी.टी.ओ. के नियम के सम्बन्ध मे पूर्ण जानकारी है तथा कर्मचारी द्वारा दिए गए घोषणा पत्र का उनके द्वारा बारीकी से जांच करते हुए नियमानुसार पास जारी किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे सुझाए गए उपरोक्त पद्धति सुधार तत्काल प्रभाव से लागू कराये जाने का अनुरोध है जिससे भविष्य मे इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।

उक्त पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

24/05/21

(सागर)
उपमुसताधि/ विद्युत

Scanned by CamScanner